Bharat Temples

राम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले,
राम नाम अतिं मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले।।

जिस घर में अंधकार,
वहां मेहमान कहाँ से आए,
जिस मन में अभिमान,
वहां भगवान कहाँ से आए,
अपने मन मंदिर में,
ज्योत जला के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले,
राम नाम अतिं मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले।।

आधे नाम पे आ जाते,
हो कोई बुलाने वाला,
बिक जाते हैं राम कोई,

हो मोल चुकाने वाला,
कोई शबरी झूठे बेर,
खिला के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले,
राम नाम अतिं मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले।।

मन भगवान का मंदिर है,
यहाँ मैल ना आने देना,
हीरा जन्म अनमोल मिला है,
इसे व्यर्थ गवा ना देना,
शीश झुके और प्रभु मिले,
झुका के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले,
राम नाम अतिं मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले।।

राम नाम अति मीठा है,
कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले,
राम नाम अतिं मीठा है,

कोई गा के देख ले,
आ जाते है राम,
कोई बुला के देख ले।।

स्वर बिजेन्दर चौहान।
प्रेषक शिवकुमार शर्मा
9926347650

https://youtu.be/8I23R28sU_U

Source: https://www.bharattemples.com/ram-naam-ati-meetha-hai/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw